CHAIRMAN, PURCHASE COMMITTEE
Office of The District Legal Services Authority, Churu

क्रमांक : 1305-1308 दिनांक : 15.03.2025

सीमित निविदा सूचना संख्या 01/2024–25 दिनांक 15.03.2025

माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के पत्रांक एफ–08()रालसा/लेखा /रालसा/एलएपी/2025/28968–29003 दिनांक 12.03.2025 के अनुसरण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू में नये कम्प्यूटर क्रय करने एवं वर्तमान में इस कार्यालय में उपलब्ध कम्प्यूटरों का अपग्रेडेशन (Upgradation) किया जाना है। इस कार्य हेतु निर्माता/वितरक/अधिकृत डीलर/पंजीकृत बोलीदाता/वास्तविक डीलरों से राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम–2013 के अन्तर्गत मोहरबंद सीमित निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का विवरण निम्नप्रकार है :–						
क्र सं	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत (राशि रू. में)	बोली प्रतिभूति राशि रू. में (2%)	निविदा शुल्क	बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय CADR में जमा कराने की)	बिड खोलने की तिथि व समय
1	New Computer, Printer, new Computer peripeherial & Upgradtion of existing computer infrastructure	1,99,650/–	3993/–	200/–	दिनांक 21.03.25 को 10.30 ए.एम. तक	दिनांक 21.03.25 को 03.00 पी.एम. पर

1. निविदा का सम्पूर्ण विवरण एवं शर्तें विभागीय वेबसाईट https://churu.dcourts.gov.in/ एवं राजस्थान सरकार के पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।
2. निविदा शुल्क रू. 200/– वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक प6(5)वित्त(सा.वि.ले.नि.) 2018, जयपुर दिनांक 27.04.2020 में वर्णित अनुसार E-Grass सिस्टम के माध्यम से बजट मद 0075–00–800–52–01 में Secretary, District Legal Services Authority, Churu के पक्ष में देय नाम से चालान बनाया जाकर, चालान की प्रति संलग्न करावें।
3. बोली प्रतिभूति राशि (2% निविदा मूल्य) रू. 3,993/– की Secretary, District Legal Services Authority, Churu के पक्ष में देय नाम से डी.डी. संलग्न करावें।

अध्यक्ष
क्रय समिति
(जिला विधिक सेवा प्राधिकरण)
चूरू

क्रमांक : 1305-1308 दिनांक : 15.03.2025

1. माननीय सदस्य सचिव महोदय, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर
2. सिस्टम ऑफिसर, जिला एवं सेशन न्यायालय, चूरू को न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु
3. संबंधित कार्मिक, जिविसेप्रा, चूरू को SPP पोर्टल पर अपलोड करने हेतु
4. नोटिस बोर्ड जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू/जिला एवं सेशन न्यायालय, चूरू

अध्यक्ष
क्रय समिति
(जिला विधिक सेवा प्राधिकरण)
चूरू

CHAIRMAN, PURCHASE COMMITTEE
Office of The District Legal Services Authority, Churu

वित्तीय निविदा प्रपत्र

बिड जमा करानें की अंतिम तिथि दिनांक 21.03.2025 समय 10.30 ए.एम

1. बोलीदाता/संवदेक का नाम :– .....
2. डाक का पता :– .....
   .....
3. फोन/मोबाईल नं. .....
4. ई–मेल .....
5. किसको संबोधित की गई :– सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू
6. हम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू द्वारा जारी की गयी सीमित निविदा सूचना संख्या .... दिनांक में वर्णित सभी शर्तों से तथा संलग्न शीट में दी गयी उक्त निविदा सूचना की अतिरिक्त शर्तों से बाध्य होना स्वीकार करते हैं। इनके सभी पृष्ठों पर उनमें उल्लेखित शर्तों को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रमाण में हमने हस्ताक्षर कर दिये हैं।
7. फर्म द्वारा कार्य आदेश प्राप्त करने की दिनांक से आदेश में उल्लेखित अवधि के भीतर की सुपुर्दगी जिविसेप्रा, चूरू को आवश्यक रूप से देनी होगी।
8. आपूर्ति हेतु दरें निम्नानुसार है।

क.सं.	सामग्री का नाम	विवरण	मात्रा	निविदा दर (करों सहित)		वि.वि. (वजन एवं मैक अंकित करें)
				अंको में	शब्दों में	
1	New Computer	Slim Standard Make Slim PC | Core i3 -12th | W11 + MSO | 8GB | 512 SSD| Intel Chipset H670/Weird keyboard Mouse/19.5 Screen /3Year Warranty With UPS	03			
2	New Printer	Multi Function Duplex Laser Printer with photo copy and scanning facility Brother/HP type standard make	02			
3	Keyboard	USB keyboard Acer/Dell/HP etc. type standard make	07			
4	Mouse	USB Mouse Acer/Dell/HP etc. type standard make	04			
5	Computer UPS Battery	12 v/7.2A standard make	06			
6	Extension Board	05 M, Wooden Box, 10 Switch	04			
7	Printer Cartridge	Comfortable Cartridge	06			
8	New Computer UPS	12 v/7.2A , Double Battery Standard make	01			

Upgradtion of Existing Computer infrastructure

क.सं.	सामग्री का नाम	विवरण	मात्रा	निविदा दर (करों सहित)		
				अंको में	शब्दों में	
1	Ram 4 GB	DDR 2	01			
2	SSD 128 GB	SATA	07			
3	Printer Service & Parts (Pressure Roller, Heat Roller, teflon, PCR, wiper Blade drum etc. (प्रिंटर की आवश्यकता अनुसार)		05			

हस्ताक्षर निविदादता
मय सील

TECHNICAL BID **(01)**

निविदा के मुहरबंद लिफाफे में रखे जाने वाले दस्तावेजों का विवरण

सीमित निविदा सूचना संख्या ..... दिनांक .....

क्र.सं.	दस्तावेजों का विवरण	संलग्न हैं अथवा नहीं।
1	हस्ताक्षरित मूल निविदा प्रपत्र मय पृ.सं. सं..... लगायत।	
2	निविदा शुल्क राशि 200/– रू. जमा कराने का साक्ष्य की प्रति।	
3	अमानत राशि (2%) जमा कराने के साक्ष्य की प्रति।	
4	फर्म के जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण–पत्र की छाया प्रति।	
5	नवीनतम जी.एस.टी./वैट क्लीयरेन्स प्रमाण–पत्र की छाया प्रति।	
6	आयकर, पैन कार्ड की स्वयं द्वारा प्रमाणित छाया प्रति।	
7	फर्म का अनुभव प्रमाण–पत्र	
8	बैंक का नाम, खाता संख्या व आई.एफ.एस.सी. कोड सहित छाया प्रति	
9	फर्म के ब्लैकलिस्टेड नहीं होने का घोषणा–पत्र	

हस्ताक्षर निविदादाता/अधिकृत प्राधिकारी

मय फर्म की मुहर

System Officer
DJ COURT CHURU

AAO-1
DJ COURT CHURU

CJM CHURU

CHAIRMAN
PURCHASE
COMMITTEE
DLSA CHURU

–:: निविदादाता द्वारा घोषणा ::–

उपरोक्त समस्त जानकारी/शर्तों को मैंने/हमने अच्छी तरह से अध्ययन कर लिया है। मुझे/हमें यह भी स्वीकार है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू का निर्णय हमारे लिए मान्य होगा। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि मेरी/हमारी फर्म उक्त कार्य हेतु रजिस्टर्ड है तथा फर्म द्वारा वास्तव में बिड में चाहा गया व्यवसाय किया जाता है तथा यांछित मशीन/ उपकरण/तकनीकी अनुभव व तकनीकी कर्मचारी आदि उपलब्ध है। राज्य सरकार/बोर्ड/ विश्वविद्यालय / स्वायत्तशासी संस्थान / निगम / बैंक आदि के द्वारा मेरी/हमारी फर्म ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया है। प्रतीक स्वरूप बिड प्रपत्र में प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर (मय सील) कर दिये गये हैं।

यदि यह घोषणा असत्य पायी जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले, बिना मेरी/हमारी प्रतिभूति राशि को पूर्ण रूप में समपहृत कर लिया जावेगा तथा निविदा को जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रद्द किया जा सकेगा एवं नियमानुसार अन्य समस्त कार्यवाही भी की जा सकेगी।

बिडदाता के हस्ताक्षर मय सील

बिड़दाता का नाम

पूर्ण पता -

कार्यालय टेली.नं./ मोबाईल नं.

निविदा की शर्तें

निविदादाता को इन शर्तों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए तथा निविदा भेजते समय इसकी पूर्णरूपेण पालना करनी चाहिए। इन शर्तों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदा प्रस्तावक के हस्ताक्षर मोहर सहित होना आवश्यक है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।

1. निविदा शुल्क रू. 200/– वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक प6(5)वित्त(सा.वि.ले.नि.) 2018, जयपुर दिनांक 27.04.2020 में वर्णित अनुसार E-Grass सिस्टम के माध्यम से बजट मद 0075–00–800–52–01 में Secretary, District Legal Services Authority, Churu के पक्ष में देय नाम से चालान बनाया जाकर, चालान की प्रति संलग्न करावें।
2. बोली प्रतिभूति राशि (2% निविदा मूल्य) रू. 3,993/– की Secretary, District Legal Services Authority, Churu के पक्ष में देय नाम से डी.डी. संलग्न करावें।
3. बोलीदाता को अंकित विषय वस्तु के मामलों में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए और इसके लिए उक्त बोलीदाता को अपनी बोली के साथ पंजीकृत प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. निविदाएं पूर्ण रूप से भरी जाकर मोहरबंद लिफाफे में भेजी जानी है। निविदादाता को वित्तीय तथा तकनीकि निविदा अलग-अलग लिफाफे में रखकर प्रेषित करनी होगी। निविदादाता जिस निविदा हेतु आवेदन कर रहा है उसके लिफाफे पर " New Computer & Printer, Computer peripeherial & Upgradtion of existing computer infrastructure हेतु निविदा स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। कोई भी डीलर जहां उसका व्यवसाय स्थित है, यदि राज्य में प्रचलित जी.एस.टी. के अन्तर्गत पंजीकृत नहीं है तो वह निविदा नहीं देगा।
5. निविदा प्रपत्र में दरें शब्दों तथा अंकों दोनों में बिना कांट-छांट के स्पष्ट रूप से अंकित की जानी चाहिए। कांट-छांट होने पर अपने लघु हस्ताक्षर करके दरें स्पष्ट रूप से लिखनी होंगी तथा दरें राजस्थान/केन्द्रीय बिक्री कर जी.एस.टी. तथा समस्त करों सहित होनी चाहिए। सरकार द्वारा करों की दरें घटाये या बढ़ाये जाने की स्थिति में करो की घटी / बढ़ी दरें लागू होंगी।
6. निविदा में वर्णित प्रत्येक आईटम की एकल दरें ही मान्य होंगी तथा एक से अधिक दरें देने पर संबंधित आईटम की दर अस्वीकार्य होंगी।
7. सशर्त, अपूर्ण, भ्रामक अथवा गलत तथ्य/दावे प्रस्तुत करने वाली, अल्प वैधता वाली निविदाएं स्वीकार्य नहीं होगीं तथा दी जा रही दरों में समस्त चुगी, किराया-भाडा या अन्य कोई राशि जो भुगतान योग्य है, को जोड़कर एफ.ओ.आर. दरें ही दी जायेगी।
8. **दरों की तुलना :-**

(क) राजस्थान के बाहर की फर्मों तथा राजस्थान के भीतर की उन फर्मों, जो नियमों के अन्तर्गत मूल्य अधिमान की हकदार नहीं है, द्वारा निविदत्त दरों की तुलना करने में राजस्थान बिक्री कर राशि को शामिल नहीं किया जाएगा जबकि केन्द्रीय बिक्री कर को इसमें शामिल किया जाएगा।

(ख) राजस्थान के भीतर की फर्मों के संबंध में दरों की तुलना करते समयए राजस्थान विक्री कर की राशि को शामिल किया जाएगा। निविदा प्रपत्र के साथ आयकर चुकता प्रमाण-पत्र, पैन नम्बर, बिक्री कर पंजीयन एवं नवीनतम कर चुकता प्रमाण-पत्र, जी.एस.टी. नम्बर, की प्रति संलग्न होनी चाहिए।

9. आपूर्तिकर्ता अपनी संविदा को किसी अन्य एजेन्सी के लिए नहीं सौंपेगा या उपभाडे (सब-लैट) पर नहीं देगा।

10. फर्म को जारी सप्लाई आदेश के अनुसार निर्धारित अवधि 07 दिवस में एक साथ ही पूर्ण माल सप्लाई करना होगा। विलम्ब के लिए राज. लोक. उपापन में पारदर्शिता नियम, 2013 के अनुसार दण्ड से आरोपित किया जा सकता है।

11. अनुमोदित दरें वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति तक मान्य होंगी।

12. निविदा अथवा उसके किसी भाग को अस्वीकृत / स्वीकृत करने का अधिकार कमेटी के पास सुरक्षित होगा।

13. कमेटी न्यूनतम दर स्वीकृत करने हेतु बाध्य नहीं होगी। सामग्री की गुणवत्ता के आधार पर भी क्रय समिति द्वारा निर्णय लिया जा सकता है।

14 बिना धरोहर राशि के (धरोहर राशि देने से मुक्त संस्थानों को छोड़कर) किसी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

15. सफल बोलीदाता को निर्धारित अवधि में बोली सूचना की अनुमानित राशि का 5 प्रतिशत (एम.एस.एम.ई. फर्म के लिए 1 प्रतिशत कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि) कार्य सम्पादन प्रतिभूतिं नगद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट बनाए जाने के स्थिति में **Secretary, District Legal Servies Authority, Churu** के नाम से देय, बनाया जाकर दरें स्वीकृत करने के तीन दिवस में आवश्यक रूप से जमा करानी होगी। जमा राशि पर किसी प्रकार का कोई ब्याज देय नहीं होगा। निविदा के समय जमा कराई गई अमानत / बयाना राशि को प्रतिभूति की राशि के लिए समायोजित किया जा सकेगा।

16. प्रतिभूति राशि का निम्नलिखित प्रकरणों में पूर्णतः या अंशतः निम्नानुसार समपहरण किया जा सकेगा।

(अ) जब संविदा के किसी निर्बन्ध या शर्तों को भंग किया जाता है।

(ब) जब बोलीदाता संतोषप्रदरूप से प्रदाय पूर्ण प्रदान करने में विफल रहता है।

(स) इस संबंध में अध्यक्ष, क्रय समिति, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू का निर्णय अंतिम होगा।

17. सफल बोलीदातो को एक करार पत्र राशि 500/- रू. का नॉन-ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर दरें स्वीकृत करने के तीन दिवस में आवश्यक रूप से जमा कराना होगा।

18 सफलतम निविदादाता की निविदा पर अंतिम निर्णय होने के बाद अन्य निविदादाताओं की धरोहर राशि लौटाई जावेगी।

19. प्रदाय की गयी सभी वस्तुएं निविदा में निर्धारित स्पेसिफिकेशन / ट्रेड मार्क के पूर्ण अनुरूप होगी। अन्यथा स्वयं के खर्चे पर बदलनी होगी। क्रय समिति द्वारा चाहे जाने पर सामग्री के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप सामग्री का नमुना / फोटो / डायग्राम प्रस्तुत करना होगा।

20. भुगतान कार्य समाप्ति के पश्चात् आदेश के मुताबिक सामग्री प्राप्त करने के पश्चात् किया जावेगा। नियमानुसार आयकर /सेवाकर एवं अन्य कोई भी वैधनिक कटौती काटकर ही भुगतान किया जायेगा।21 विधिक कार्यवाही यदि कोई हो, का क्षेत्राधिकार चूरू होगा।

22 वसूली-परिनिर्धारित नुकसान, कम सप्लाई, टूट-फूट की गयी वस्तुओं की राशि की वसूली. फर्म के बिल से ही की जाएगी। यदि वसूली करना सम्भव नहीं हो तो राजस्थान पी.डी.आर. एक्ट या प्रवृत्त किसी अन्य कानून के अन्तर्गत कार्यवाही की जावेगी।

23 निविदा में दिये गये स्पेसिफिकेशन से भिन्न वस्तुओं की दर स्वीकार करने के संबंध में क्रय समिति सक्षम होगी।

24 माल की आपूर्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू में ली जाएगी। जिसका अलग से कोई भाडा, लोडिंग-अनलोडिंग, बैंकिंग आदि का चार्जेज देय नहीं होगा।

हम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू द्वारा चाही गई सामग्री, हमारे द्वारा दी गई दरों के आधार पर सामग्री की आपूर्ति दिये जाने हेतु सहमत हैं।

हम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू द्वारा जारी की गई निविदा सूचना संख्या..... दिनांक..... में वर्णित सभी शर्तों से बाध्य होना स्वीकार करते हैं। सभी पृष्ठों पर उनमें उल्लेखित शर्तों को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रमाण में हमने हस्ताक्षर कर दिये हैं।

हस्ताक्षर निविदादाता/अधिकृत प्राधिकारी
मय फर्म की मुहर

वास्ते
फर्म का नाम व पता
फर्म की सील

System Officer
DJ COURT CHURU

AAO-1
DJ COURT CHURU

CJM CHURU

CHAIRMAN
PURCHASE
COMMITTEE
DLSA CHURU